कार्यालय नजारत, जिला जजी, इटावा।

दिनांकः 18.07.2018

निविदा–सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, इटावा में 03 (तीन) अदद वाटर कूलर, क्षमता 150 लीटर मय आर0ओ0 (वोल्टास, ऊषा, केन्ट, लाइवप्योर आदि प्रतिष्ठित कम्पनी) तथा 80 (अस्सी) डेजर्ट कूलर (प्लास्टिक बॉडी) (सिम्फोनी,ऊषा, सैलो, वोल्टास आदि प्रतिष्ठित कम्पनी) क्रय एवं स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में अधिकृत/पंजीकृत डीलरों/फर्मों से निविदायें आमंत्रित किया जाता है। उक्त अधिकृत/पंजीकृत डीलरों/फर्मों को निविदा के लिये दी गयी शर्तों का पूर्णतः पालन करना होगा।

1– निविदा सील बन्द लिफाफे में जनपद न्यायालय, इटावा के केन्द्रीय नजारत, इटावा में दिनांक 30.08.2018 (कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से सायंकाल 4.30 बजे) तक अन्तिम रूप से स्वीकार किया जायेगा।

2– निविदा खोलने का दिनांक 31.08.2018 समय सायंकाल 4.00 बजे होगा।

3– निविदा सम्बन्धी प्रतिभूति धनराशि रूपये 5,000/– (पाँच हजार रूपयें मात्र) का बैंक ड्राफ्ट निविदा के साथ जमा करना होगा।

4– निविदा में आपूर्ति किये जाने वाले सामान की निर्माता कम्पनी, मॉडल नम्बर आदि का विवरण अंकित करना अनिवार्य है।

5– निविदा देने वाली फर्म का वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

6– वस्तुओं का क्रय माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त अनुदान के अनुसार किया जायेगा।

7– किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अन्तिम अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, महोदय को होगा।

8– किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये माननीय जनपद न्यायाधीश, महोदय द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

9– निविदा खोलने के समय फर्म का एक प्रतिनिधि उपस्थित हो सकता है।

10– निविदा में दिये गये मूल्य के अतिरिक्त कोई भी भुगतान जैसे भाड़ा, वस्तु को स्थापित करने हेतु अन्य कोई व्यय देय नही होगा।

11– भुगतान वस्तु की आपूर्ति के उपरान्त ही किया जायेगा। विलम्ब होने पर कोई भी अतिरिक्त शुल्क अथवा ब्याज आदि का डाटा स्वीकार नही होगा।

12– वस्तुओं को क्रय करने की संख्या माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा आवंटित अनुदान पर निर्भर करती है, जो कि घट–बढ़ सकती है।

13– सभी वस्तुओं की आपूर्ति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से अनुदान प्राप्त हो जाने के पश्चात् ही ली जायेगी।

14– निविदा में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय का क्षेत्राधिकार जनपद न्यायालय, इटावा ही होगा।

15– निविदा आवेदन पत्र/फार्म रूपये 150/– (एक सौ पचास रूपये मात्र) में केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, इटावा से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

16– निविदा आवेदन पत्र फार्म के साथ प्रतिभूति धनराशि रूपये 5,000/– (पाँच हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट माननीय जनपद न्यायाधीश, इटावा के नाम से देय होगा जिसे निविदा अस्वीकार होने की स्थिति में फर्म को तुरन्त वापस किया जायेगा, तथा स्वीकार निविदा का ड्राफ्ट निविदा की शर्तो के अनुरूप वस्तुओं की आपूर्ति होने के उपरान्त फर्म को वापस किया जायेगा।

17– निविदा खुलने के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

18– आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं के निर्माण की अवधि किसी भी अवस्था में छः माह से अधिक की नही होनी चाहिये।

19– आपूर्ति की जाने वाली वस्तुओं की धनराशि में जी0एस0टी0 एवं जी0एस0टी0 का प्रतिशत, पृथक रूप से अंकित करना होगा।

दिनांक–18.07.2018

(अभिषेक पाण्डेय),
अध्यक्ष क्रय समिति/
प्रभारी अधिकारी (नजारत)/
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट संख्या–7,
इटावा।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0ओ0 नम्बर 562/उन्नीस–2–2007–1007(टी0सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निः शुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना–पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
2–दस न्यायालय कक्ष भवन, जजी, इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
3–नाजिर, कलेक्ट्रेट, इटावा की सूचनापट, पर चस्पा किये जाने हेतु।
4–नाजिर, विकास भवन, इटावा, को सूचनापट, पर चस्पा किये जाने हेतु।
5–व्यापार कर अधिकारी, इटावा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
6–नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर) को जनपद न्यायालय, इटावा एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेव–साइट पर सूचनार्थ।

24/7/18

(अभिषेक पाण्डेय),
अध्यक्ष क्रय समिति/
प्रभारी अधिकारी (नजारत)/
अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट संख्या–7,
इटावा।